Estd : 1951

NAVBHARAT

सदैव अपने पाठकों के साथ

पत्र समूह संस्थापक : स्व. श्री रामगोपाल माहेश्वरी

नवभारत

1934 से

15.06.2023

होटलों के लिए सब्सिडी योजना जरूरी

राज्य में नए होटलों के विकास को प्रोत्साहित करने सरकार से मांग

■ मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क. होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया (एचआरएडब्लूआई) ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि होटल परियोजनाओं को पूरा करने तथा राज्य में नए होटलों के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष सब्सिडी योजना शुरू की जाए. इससे अधिक पर्यटकों को गंतव्यों तक पहुंचने के लिए व्यवहार्य बनाकर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और राज्य के लिए राजस्व भी पैदा होगा. एचआरएडब्लूआई ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और पर्यटन मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा को संबोधित एक पत्र में महाराष्ट्र में पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देने वाली राज्य भर में विभिन्न परियोजनाओं पर अनुमोदन में तेजी लाने के लिए सरकार की सराहना की है. राज्य ने हाल ही में महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम की आगामी 30 से अधिक संपत्तियों में सहभागिता, भंडारा के गोसेखुर्द में जल पर्यटन परियोजना, लोनावाला के पास स्थित कार्ला में एमआईसीई केंद्र और चाणक्य केंद्र की घोषणा की है.

पर्यटन को बढ़ावा देने नई पहल सराहनीय



एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि एचआरएडब्लूआई सरकार द्वारा की गई पहल की सराहना करता है और उन अवसरों के बारे में आशावादी है जो नई परियोजनाओं से राज्य में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में आएंगे. सरकार की दूरदर्शिता और नवीन विचारों के साथ सक्रिय प्रचार प्रयासों से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन के क्षेत्र में तेजी आएगी. जल्द ही विकसित होने वाले ये गंतव्य निस्संदेह दुनिया भर के यात्रियों को आकर्षित करेंगे और जैसा कि हम महाराष्ट्र को एक वैश्विक पर्यटन स्थल बनाने की शुरुआत कर रहे हैं, पर्यटकों की ज्यादा से ज्यादा संख्या को आतिथ्य उपलब्ध कराने के लिए यह आवश्यक है कि हम एक उच्च कोटी का बुनियादी ढांचा भी तैयार करें.

व्यापार